E-mail : eeupjnruralalig@gmail.com
Telephone No. : 0571-4507626

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पीटल के सामने गली में, एटा चुंगी–बोनेर (जी0टी0) रोड, सिंधौली, अलीगढ़–202001

पत्रांक 1236 / M-15 / 54 दिनाँक– 13.05.2026

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय,
अलीगढ़।

विषय– दैनिक समाचार पत्र 'अमर उजाला' अलीगढ़ में ग्राम नहल, विकास खण्ड–अतरौली की पेयजल योजना से सम्बन्धित दिनांक 13.05.2026 को प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक ग्राम नहल, विकास खण्ड– अतरौली में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत क्रियान्वित पेयजल योजना पर दैनिक समाचार पत्र 'अमर उजाला', अलीगढ़ में शीर्षक ''जल जीवन मिशन में मिली अनियमिततायें' के साथ दिनांक 13.05.2026 को प्रकाशित समाचार के अनुक्रम में सादर अवगत कराना है कि जनपद–अलीगढ़ के कुल 1124 राजस्व ग्रामों में से 54 राजस्व ग्राम 43 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित है, जिसका संचालन एवं रख–रखाव (ओ.एण्ड.एम) ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा था। ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण हेतु प्रख्यापित नवीन अनुरक्षण नीति–2024 के अनुक्रम में माह मई, 2025 से पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं 10 वर्ष के संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 प्रवीन इलैक्ट्रीकल्स प्रा0लि0 मुम्बई का चयन किया गया है, जिस हेतु सुदृढ़ीकरण के प्राक्कलन विरचित कर स्वीकृति एवं धनावन्टन हेतु मुख्यालय प्रेषित किये जा चुके हैं। अवशेष 1070 ग्रामों को जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत सूचीबद्ध फर्मो मै0 ऑयन एक्सचेंज, मै0 के0पी0टी0एल0 एवं मै0 पी0एन0सी0 को आवंटित किया गया है, जो 724 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से आच्छादित है। समस्त योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित कुल कार्य नलकूप–731 नग, पम्प हाउस 731 नग, वितरण प्रणाली 7171 कि0मी0, शिरोपरि जलाशय 729 नग, कुल 393876 नग गृह जल संयोजन एवं 2015 कि0मी0 रोड ट्रेन्च मरम्मत के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष क्रमशः 729 नग नलकूप, 719 पम्प हाउस, 7120 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 292 नग शिरोपरि जलाशय, 385888 नग गृह जल संयोजन एवं 1946 कि0मी0 रोड ट्रेन्च मरम्मत (जबकि मोटरेबिल 100%) के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्य प्रगति पर है एवं माह मार्च 2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत 1070 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 149 नग राजस्व ग्रामों में समस्त कार्य पूर्ण कर ओ0 एण्ड एम0 में सम्मिलित की गयीं 108 नग योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है एवं 553 नग राजस्व ग्रामों में सीधे पम्पिंग/शिरोपरि जलाशय के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में 90 % से अधिक प्रगति वाली पेयजल योजनायें प्राथमिकता पर पूर्ण कर ओ एण्ड एम में सम्मिलित की जा रही है।

इसके साथ ही अवगत कराना है कि समाचार में उल्लिखित ग्राम नहल वि0ख0– अतरौली में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्य नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवाल 01 नग, शिरोपरि जलाशय 400 किली/18 मी0 वितरण प्रणाली 26241 मी0, गृह जल संयोजन 912 नग एवं 8894 मी0 रोड ट्रेंच मरम्मत के सापेक्ष नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवाल 01 नग, शिरोपरि जलाशय 50%, वितरण प्रणाली 18086 मी0, गृह जल संयोजन 503 नग एवं 8451 मी0 मरम्मत अर्थात 95%(मोटरेबिल 100%) के कार्य पूर्ण कर सीधे पम्पिंग द्वारा ग्राम में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है एवं समाचार में उल्लेखित लीकेज पर तत्समय कार्य प्रगति पर था, जिसको पूर्ण करा दिया गया है। वर्तमान में योजना की भौतिक प्रगति 60% है। शासन की प्राथमिकता के अनुसार 90% प्रगति वाली योजनाओं के शेष कार्य पूर्ण कर संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित किया जा रहा है।

यहाँ यह भी अवगत कराना समीचीन होगा कि भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन योजना की समयावधि दिसम्बर 2028 तक बढ़ा दी गयी है। माह जुलाई 2024 से केन्द्रांश की धनराशि अवमुक्त न होने के कारण

क्रमशः

योजना की प्रगति प्रभावित हुई है। तथापि संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित नही किये गये 553 ग्रामों में जिनका संचालन अनुबन्ध शर्तों में बाध्यकारी न होने के पश्चात भी शिरोपरि जलाशय/सीधे पम्पिंग द्वारा आंशिक जलापूर्ति जनहित में की जा रही है, जिसमें नहल ग्राम भी सम्मिलित है।

योजना से सम्बन्धित कोई भी शिकायत जल सारथी एप या टोल फ्री नम्बर 1800–1212–164 पर की जा सकती है। विभाग समस्या के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेंषित।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

13/05/2026

(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. सहायक निदेशक, सूचना, जनपद– अलीगढ़।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 (जेवी), अलीगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

योजना की प्रगति प्रभावित हुई है। तथापि संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित नही किये गये 553 ग्रामों में जिनका संचालन अनुबन्ध शर्तों में बाध्यकारी न होने के पश्चात भी शिरोपरि जलाशय/सीधे पम्पिंग द्वारा आंशिक जलापूर्ति जनहित में की जा रही है, जिसमें नहल ग्राम भी सम्मिलित है।

योजना से सम्बन्धित कोई भी शिकायत जल सारथी एप या टोल फ्री नम्बर 1800–1212–164 पर की जा सकती है। विभाग समस्या के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेंषित।

**संलग्नकः–** उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक व दिनांक उक्त।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. सहायक निदेशक, सूचना, जनपद– अलीगढ़।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 (जेवी), अलीगढ़।

13/05/2026

अधिशासी अभियन्ता


लीकेज कार्य प्रगति पर




जलापूर्ति




जलापूर्ति






# ग्राम नहल, पेयजल योजना, विकास खण्ड- अतरौली

वॉल पेन्टिंग सी0डी0ओ0 सर निरीक्षण







